गिरफ्तारी | गाड़ी बिगड़ी तो सड़कों पर निकला कुख्यात का जुलूस

दहशत का दूसरा नाम पप्पू पटेल सलाखों के पीछे

नवभारत,नरसिंहपुर। जिले में जुआ फड़ का खेल खिलाने और खेलने वाला और लाखों की उगाही और जान से मारने की धमकी देने वाला कुख्यात आदतन अपराधी आखिरकार पुलिस के शिकंजे में फंस गया। नरसिंहपुर जिले के ठेमी थाना क्षेत्र में आतंक का पर्याय बन चुके पप्पू उर्फ नरेंद्र पटेल को पुलिस ने दबोच लिया।

कोर्ट ले जाते समय बिगड़ी गाड़ी, तो निकल पड़ा जुलूस

कुछ दिन पहले ही जुआ फड़ के पैसों के लेन-देन का एक खौफनाक ऑडियो वायरल हुआ था जिसने पूरे इलाके को दहला दिया था। ऑडियो में साफ सुनाई दे रहा था शराब पिलाई, जुआं खिलाया, फिर लाखों की मांग। न देने पर जान से मारने की धमकी। इस ऑडियो के सामने आते ही बड़ी सिमरी का पप्पू पटेल भूमिगत हो गया था। एसडीओपी के मार्गदर्शन में पुलिस ने जाल बिछाकर फरार पप्पू पटेल को गिरफ्तार किया।

आरोपी आदतन अपराधी है

जब उसे न्यायालय में पेश करने थाना मोबाइल से ले जाया जा रहा था, तभी बीच रास्ते में गाड़ी ने दम तोड़ दिया।कानून का खौफ दिखाने के लिए पुलिस ने उसी हालत में कुख्यात आरोपी का पूरे नगर में पैदल जुलूस निकाल दिया। सड़कों पर आरोपी को देख लोग सहम गए। बड़ी सिमरी निवासी पप्पू पटेल पर जुआ फड़ चलाने और पैसों के लिए लोगों को धमकाने के गंभीर आरोप हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपी आदतन अपराधी है और इलाके में उसकी दहशत थी। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

जिले का बड़ा थाना पुलिस बल की भारी कमी से जूझ रहा

नवभारत,गोटेगांव। नरसिंहपुर जिले का ठेमी थाना कभी जिले के बड़े थानों में गिना जाता था, लेकिन आज यहां पर्याप्त पुलिस बल न होने से व्यवस्था चरमा रही है। ठेमी थाना क्षेत्र में लगभग 75 से 80 छोटे-बड़े गांव आते हैं जिनकी कुल आबादी एक लाख से अधिक है। इतने बड़े क्षेत्र और आबादी के लिए वर्तमान में थाने में सिर्फ एक टीआई, दो एसआई, चार हवलदार, दो सिपाही और एक-दो नगर सैनिक ही पदस्थ हैं। थाना क्षेत्र की आबादी और अपराधों के हिसाब से यह पुलिस बल न के बराबर है। बल की कमी के चलते पदस्थ पुलिसकर्मियों को अतिरिक्त काम करना पड़ रहा है, जिसका बुरा असर उनकी सेहत पर पड़ रहा है। स्टाफ की कमी से गश्त, जांच और अपराध नियंत्रण में भी परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि शासन-प्रशासन ठेमी थाने में पुलिस बल की संख्या बढ़ाए, ताकि कानून व्यवस्था सुचारू रूप से चल सके और पुलिसकर्मियों पर काम का अतिरिक्त बोझ कम हो।

नाली निर्माण में की गई लीपापोती

नवभारत,गोटेगांव। गोटेगांव विकासखंड की ग्राम पंचायत करकबेल में भ्रष्टाचार की नाली बहने लगी है। दुर्गा चौराहे से करकबेल बस्ती की ओर बन रही पक्की नाली में जमकर लीपापोती हो रही है। जागरूक नागरिकों ने आरोप लगाया है कि निर्माणाधीन इस नाली की गुणवत्ता को पूरी तरह नजरअंदाज किया जा रहा है।

नाली में सीमेंट नाममात्र का डाला जा रहा है। कांक्रीट, रेत और लोहे की मात्रा में भी भारी लापरवाही बरती जा रही है। लोगों का कहना है कि इतनी पतली और कमजोर नाली पहली बारिश भी नहीं झेल पाएगी। ग्रामीणों का आरोप है कि घटिया निर्माण से सरकारी पैसे की बर्बादी हो रही है। यह नाली बनने से पहले ही टूटने की कगार पर है। अगर अभी ध्यान नहीं दिया गया तो कुछ महीनों में ही यह नाली जमींदोज हो जाएगी और फिर से गंदगी का साम्राज्य फैल जाएगा। नागरिकों ने शासन-प्रशासन के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि वे स्वयं मौके पर आकर नाली निर्माण कार्य की जांच करें। जनअपेक्षा है कि आपकी देखरेख में नाली निर्माण कार्य संपन्न हो, ताकि गुणवत्ता अच्छी बने और जनता के पैसे का सही उपयोग हो सके। सवाल यह है कि जिम्मेदार कब तक आंख मूंदकर बैठे रहेंगे क्या कार्रवाई होगी या फिर लीपापोती वाली यह नाली भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाएगी।

सुचारू विद्युत आपूर्ति के लिए मेंटनेंस जारी

नवभारत,तेंदूखेड़ा। इन दिनों विद्युत वितरण केंद्र डोभी अंतर्गत मेहगुवां डीएल फीडर पर विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुरक्षित बनाए रखने हेतु आवश्यक मेंटेनेंस कार्य किया जा रहा है। जिससे विद्युत लाइन के समीप विद्युत आपूर्ति में बाधा उत्पन्न वाली वृक्षों की शाखाओं की कटाई की जा रही है।तथा झूलते हुए विद्युत तारों को कसकर व्यवस्थित किया जा रहा है। वितरण केंद्र प्रभारी हमारे प्रतिनिधि को बताया कि नियमित मेंटेनेंस कार्यों से विद्युत आपूर्ति की विश्वसनीयता बढ़ती है। तथा संभावित विद्युत व्यवधानों में कमी आती है। एवं बरसात के पूर्व डोभी विद्युत वितरण केंद्र के अंतर्गत पूर्ण कोशिश की जा रही है कि विद्युत व्यवस्था सुचारू चल सके। इस कार्य के पूर्ण होने से क्षेत्र के समस्त उपभोक्ताओं को निर्बाध सुरक्षित एवं बेहतर गुणवत्ता की विद्युत आपूर्ति प्रदान करने में सहायता मिलेगी।

लाखों का पेयजल स्टैंड बना कबाड़

नवभारत,गोटेगांव। शासन की योजना बच्चों की प्यास बुझाने आई थी, लेकिन लापरवाही ने उसे ही प्यासा छोड़ दिया। तहसील क्षेत्र के ग्राम चिरचिटा स्थित शासकीय विद्यालय में लाखों की लागत से बना पेयजल स्टैंड पूरी तरह अनुपयोगी हो चुका है। मासूम बच्चे पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रहे हैं। स्कूल में बाउंड्रीवॉल न होने का खामियाजा अब नौनिहाल भुगत रहे हैं। खुले परिसर में बाहरी और आवारा तत्वों का दिन-रात आना-जाना लगा रहता है। इन्हीं असामाजिक तत्वों ने पेयजल स्टैंड पर लगे सारे नल तोड़ डाले। अब स्टैंड सिर्फ खंडहर बनकर खड़ा है। शासन की पेयजल योजना का लाखों का बजट पानी में

बह गया। स्कूल के बच्चों को इस सुविधा का एक बूंद लाभ भी नहीं मिल पा रहा। भीषण गर्मी में मासूमों को पेयजल के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। कई बच्चे घर से पानी लाने को मजबूर हैं, तो कई प्यासे ही बैठे रहते हैं। अभिभावकों में गुस्सा है कि आखिर उनके बच्चों की सेहत से खिलवाड़ क्यों स्थानीय लोगों ने प्रशासन से तत्काल स्कूल परिसर की सुरक्षा के लिए बाउंड्रीवॉल बनवाने की मांग की है। उनका कहना है कि जब तक बाउंड्री नहीं बनेगी, कोई भी सुविधा सुरक्षित नहीं रह सकती। साथ ही टूटे हुए पेयजल स्टैंड को तुरंत दुरुस्त कर बच्चों के लिए पानी की व्यवस्था की जाए। सवाल ये है कि बिना सुरक्षा के योजनाओं पर लाखों खर्च करने का क्या फायदा क्या जिम्मेदार किसी बच्चे के बीमार पड़ने का इंतजार कर रहे हैं।

बौछार में गंदगी का साम्राज्य, सड़ांध मारती नालियां दे रही बीमारियों को न्यौता

नवभारत,गोटेगांव। जनपद के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बौछार में इन दिनों गंदगी का साम्राज्य पैर पसारता जा रहा है। पंचायत की भारी लापरवाही के चलते जगह-जगह कचरे और टूटी-फूटी नालियों का अंबार लगा है। दाना गंज में भारी गंदगी का ढेर लगा है। वहीं मुख्य बाजार में टूटी-फूटी, खुले मुंह वाली बदबूदार नालियां बीमारियों को खुला न्यौता दे रही हैं। मलबे से भरी ये नालियां पूरी तरह चोक हो चुकी हैं और सड़ांध मार रही हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि इस बदबू से भरी नालियों की सफाई की सुध लेने वाला कोई नहीं है। आला अधिकारी, कर्मचारी, पंच, सरपंच,

शासन- प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के कानों में न कुछ सुनाई पड़ रहा है, न आंखों में कुछ दिखाई दे रहा है और न ही दुर्गंध सूंघ पा रहे हैं। खुले में पड़ी टूटी-फूटी नालियां और बदबू से लबरेज गंदगी को साफ करने वाला कोई नहीं है।

मौत बांट रही सड़क, धूल के गुबार में घुट रहा दम

नवभारत,गोटेगांव। नगर पालिका क्षेत्र की सड़कें अब खूनी सड़क बन चुकी हैं। फुआरा चौक से टॉकीज, रिपटा रोड होते हुए भगत राम चौराहा तक का मार्ग अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। कभी विकास की पहचान रही यह सड़क आज पूरी तरह मौत का कुआं बन गई है। सड़क की ऊपरी परत पूरी तरह उखड़ चुकी है और जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे मुंह फाड़े खड़े हैं। सड़क से निकली नुकीली गिट्टियां अब हथियार बन गई हैं। वाहनों के टायरों से उछलकर ये गिट्टियां सामने बने घरों, दुकानों और राहगीरों को चोटिल कर रही हैं। रोज कोई न कोई इन गिट्टियों का शिकार बन रहा है। हालात इतने बदतर हैं कि

जैसे ही कोई वाहन इस मार्ग से गुजरता है, धूल के बड़े-बड़े गुबार उठते हैं। भीषण गर्मी में उड़ती यह धूल राहगीरों, दुकानदारों और स्थानीय निवासियों के लिए काल बन गई है। दिनभर घरों-दुकानों में धूल भर जाती है। बच्चे-बुजुर्ग खांस-खांसकर बेहाल हैं, सांस और आंखों की बीमारियां तेजी से फैल रही हैं। यह नगर का सबसे व्यस्त मार्ग है जहां रोजाना सैकड़ों वाहन और हजारों लोग गुजरते हैं। सड़क की खस्ता हालत से हर पल दुर्घटना का खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायत के बावजूद नगर पालिका ने आंखें मूंद रखी हैं। नगरवासियों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को चेतावनी दी है कि सड़क की तत्काल मरम्मत कराकर धूल और गिट्टियों से राहत दिलाई जाए। अगर जल्द सुधार कार्य शुरू नहीं हुआ तो नागरिक सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर होंगे। अब देखना यह है कि जिम्मेदार जागते हैं या फिर किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहे हैं।

एक नजर में

जिनवाणी दिवस पर निकाली शोभायात्रा

नवभारत,तेंदूखेड़ा। विगत दिवस श्रुत पंचमी पर जैन धर्म के प्रथम ग्रन्थ श्री षट्खण्डागम के रचना का पावन दिवस दिगम्बर जैन समाज डोभी द्वारा बड़ी धूम धाम से मनाया गया। जैन मंदिर में सुबह श्री जी का अभिषेक शांति धारा एवं पूजन उपरांत समस्त जैन समाज द्वारा जिनवाणी दिवस के अवसर पर जिनवाणी माता को सिर पर रख कर विशाल शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें दिगम्बर जैन समाज के सभी स्वाजातीय विशेष वेशभूषा में शामिल रहे।

गांजा सहित एक व्यक्ति गिरफ्तार

नवभारत,नरसिंहपुर। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे, OPERATION EAGLE CLAW के तहत दिनांक 13-06-2026 को रात्रि को कस्बा भ्रमण के दौरान चौकी सिंहपुर, थाना स्टेशनगंज पुलिस टीम को जैतपुर के पास संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया, जो पुलिस टीम को देखकर भागने लगा। संदेह होने पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल उसका पीछा किया गया एवं प्रभावी घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से लगभग 1.5 किलोग्राम गांजा, कीमत करीब 30 हजार रुपये बरामद किया गया। पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ जप्त कर आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई है। गिरफ्तार आरोपी, कमलेश उर्फ कम्मू तिवारी, निवासी ग्राम भैंसा, चौकी सिंहपुर, थाना स्टेशनगंज जिला नरसिंहपुर। जप्त मादक पदार्थ लगभग 1.5 किलोग्राम गांजा कीमत लगभग 30 हजार जप्त। वैधानिक कार्यवाही धारा 8, 20 (बी) एन.डी.पी.एस. एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज।

दबंगों ने जेसीबी से ढहाया मकान, कुदवारी में गुंडई, एफआईआर दर्ज

नवभारत, जबलपुर। अधारताल थाना अंतर्गत कुदवारी में जमीन पर अवैध कब्जे की नीयत से दबंगों ने एक मकान को जेसीबी से जमींदोज करने कर दिया । दबंगों ने न सिर्फ पीड़ित का आशियाना उजाड़ दिया, बल्कि विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक मतलूब अहमद अंसारी का कुदवारी स्थित खसरा नंबर 116 पर एक टीन का मकान बना हुआ है। पड़ोसी समीम ने मतलूब को फोन कर इस बात की जानकारी दी कि कुछ लड़के जेसीबी मशीन लेकर आए हैं और उनके मकान को पूरी तरह से तोड़ रहे हैं। घर ढहाए जाने की खबर मिलते ही मतलूब आनन-फानन में अपने भाई के साथ दोपहर करीब 1:45 बजे मौके पर पहुंचा। जब पीड़ित मौके पर पहुंचा तो वहां का नजारा देखकर होश उड़ गए। इलाके के ही तीन युवक शिब्बू उर्फ शिवम कनोजिया, संतोष कुशवाहा और रिषभ गोस्वामी जेसीबी मशीन से उनके मकान को ढहा रहे थे। आरोपियों ने मकान को भारी नुकसान पहुँचाते हुए उसमें लगे लोहे के पाइपों को भी कटर से काट दिया था। पीड़ित मतलूब अहमद ने जब आरोपियों को रोका और मना किया, तो तीनों आरोपी उग्र हो गए। मुख्य आरोपी संतोष कुशवाहा ने पीड़ित को सीधे तौर पर जान से मारने की धमकी देते हुए कहा, आज के बाद इस प्लॉट पर कदम भी मत रखना, नहीं तो तुझे जान से मार डालूंगा। वारदात को अंजाम देने और धमकी देने के बाद तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि आरोपी संतोष कुशवाहा पिछले कुछ समय से उनके इस कीमती प्लॉट पर नियत खराब किए हुए था और अवैध कब्जा करना चाहता था। सोची-समझी साजिश और षड्यंत्र के तहत वारदात को अंजाम दिया गया है। पुलिस ने पीड़ित मतलूब अहमद की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पूर्व राज्यमंत्री स्व .सुजान सिंह पटेल की जन्मजयंती पर पौधरोपण आज

नवभारत,करेली। पूर्व राज्य मंत्री स्वर्गीय सुजान सिंह पटेल की जन्म जयंती के अवसर पर ग्राम रिझा में फलदार वृक्षों का पौधा रोपण किया जाएगा स्वर्गीय सुजान सिंह पटेल की जन्म जयंती 21 जून के अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी , विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल की विशेष उपस्थिति में सुजान सिंह पटेल के पुत्र अवधेश प्रताप सिंह पटेल, राजेश प्रताप सिंह पटेल, राकेश प्रताप सिंह पटेल, शिवराज सिंह पटेल आदि ने समस्त पर्यावरण प्रेमी ,के साथ साथ

शुभचिंतकों की उपस्थिति की अपील की है द्य वृक्षारोपण कार्यक्रम सुबह 9ः00 बजे ग्राम ग्रह ग्राम रीछा में किया जाएगा।

विश्वशांति महायज्ञ का समापन, निकली दिव्य रथयात्रा

नवभारत,करेली। नगर के सुभाष मैदान में पूज्य मुनि श्री 108 महासागर जी महाराज ससंघ के मंगल सानिध्य एवं युवा विधानाचार्य ब्रह्मचारी अंकित भैया जी (सहज) के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित श्री 1008 सिद्धचक्र महामण्डल विधान एवं विश्वशांति महायज्ञ का गुरुवार को भक्ति, श्रद्धा एवं धार्मिक उल्लास के साथ भव्य समापन हुआ। नौ दिनों तक चले इस आध्यात्मिक महापर्व में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर धर्मलाभ अर्जित किया। समापन दिवस पर

प्रात:काल भगवान श्री जिनेन्द्रदेव का अभिषेक, शांतिधारा एवं विशेष पूजन संपन्न हुआ। इसके पश्चात श्रद्धालुओं ने पूर्ण श्रद्धा एवं विधिपूर्वक श्री 1008 सिद्धचक्र महामण्डल विधान में सहभागिता की। पूरे आयोजन स्थल पर मंत्रोच्चार, भक्ति गीतों एवं धार्मिक अनुष्ठानों से वातावरण धर्ममय बना रहा।समापन अवसर पर नगर में भव्य एवं दिव्य रथयात्रा 108 पूज्य महासागर जी महाराज के अगुवाई में निकाली गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु धर्मध्वजाएं लेकर शामिल हुए। रथयात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली,रथ के ऊपर भगवान जिनेन्द्रदेव की दिव्य प्रतिमाय विराजमान रही, जहां जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा भक्ति भाव से भगवान जिनेंद्र देव की आरती परिवार सहित की गई कर स्वागत किया गया।

मां नर्मदा तट सफाई एवं महाआरती का आयोजन

नवभारत,साईखेड़ा। मां नर्मदा समाजसेवी संस्था द्वारा नर्मदा तट स्थित सोकलपुर घाट पर स्वच्छता अभियान एवं भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संत श्री नमोनारायण जी के मार्गदर्शन तथा संस्था के प्रदेश महामंत्री भैयाजी रावत की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान संस्था के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने नर्मदा तट पर व्यापक सफाई अभियान चलाया। तट पर फैली पन्नियां, गंदे कपड़े एवं अन्य कचरे को एकत्रित कर उचित तरीके से नष्ट किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर स्कूलों में होंगे आज आयोजन

नवभारत,गाडरवारा। लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी 21 जून, रविवार को 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस वृहद स्तर पर मनाया जाएगा। इस अवसर पर क्षेत्र के विद्यालयों में प्रात: 6 बजे से 7ः45 बजे तक सामूहिक योग प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राएं स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षकों के साथ योगाभ्यास करेंगे। वहीं कक्षा 1वीं से 5वीं तक के विद्यार्थियों के स्थान पर संबंधित विद्यालयों के शिक्षक योग प्रदर्शन में भाग लेंगे। योग दिवस के आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना है।

जहरीला धुआं उगल रहे ईंट भट्टे, घुट रहा दम, बीमारियों का मंडराया खौफ

नवभारत,गोटेगांव। संपूर्ण क्षेत्र में बेतरतीब तरीके से धधक रहे ईंट भट्टों ने आम लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। इन भट्टों से निकल रहा काला जहरीला धुआं लोगों के फेफड़ों में जहर घोल रहा है। हर सांस के साथ मौत घरों में घुस रही है। झोतेश्वर मार्ग पर राष्ट्रीय सहायक स्कूल के पास लगा ईंट भट्टा तो हद ही पार कर चुका है। स्कूल के मासूम छोटे-छोटे नन्हे मुन्ने बच्चों को भी विभिन्न प्रकार की परेशानियों के साथ-साथ आसपास बने घरों में धुआं ऐसा भरता है कि बच्चों-बुजुर्गों का दम घुटने लगता है। आंखों में जलन, सांस लेने में तकलीफ और खांसी अब आम बात हो गई है। लोगों को डर सता रहा है कि यह धुआं कहीं टीबी, अस्थमा और कैंसर जैसी बड़ी

बीमारियों को न्यौता न दे दे। क्षेत्र में धड़ल्ले से लग रहे इन अव्यवस्थित भट्टों की तरफ नगरीय प्रशासन की नजर ही नहीं पड़ रही। नियम-कायदों को ताक पर रखकर रहवासी इलाकों में भट्टे धधकाए जा रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि शिकायतों के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होती। परेशान नागरिकों ने मांग की है कि नगरीय प्रशासन तत्काल संज्ञान ले।

उत्कृष्ट विद्यालय चीचली में विकासखंड स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता संपन्न

नवभारत,गाडरवारा। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय रसोइया (कुक-कम-हेल्पर्स) कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय चीचली में किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य मध्यान्ह भोजन में स्थानीय खाद्य सामग्री, मिलेट्स, दालों एवं अन्य पौष्टिक खाद्य पदार्थों से स्वास्थ्यवर्धक, स्वच्छ एवं पोषणयुक्त व्यंजनों के निर्माण को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम का आयोजन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत चीचली अभिषेक गुप्ता, विकासखंड शिक्षा अधिकारी वीरेन्द्र सिंह राजपूत एवं विकासखंड स्रोत समन्वयक डी.के. पटेल के मार्गदर्शन में संपन्न

हुआ। प्रतियोगिता में विकासखंड की विभिन्न शालाओं के रसोइयों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए आकर्षक एवं पौष्टिक व्यंजन प्रस्तुत किए। अतिथियों में चंद्रकांत गुप्ता, के.एल. साहू, नीरज पैगवार एवं संतोष चौरसिया ने विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया तथा रसोइयों द्वारा तैयार व्यंजनों का स्वाद चखकर आयोजन की सराहना की। प्रतियोगिता के मूल्यांकन हेतु गठित निर्णायक मंडल में वीरेन्द्र सिंह रमा कौरव, सुलेखा शर्मा, रजनी सराठे, अलका शर्मा एवं साक्षी पटेल शामिल रहीं। निर्णायकों ने स्वच्छता, पोषण गुणवत्ता, स्वाद, प्रस्तुतीकरण तथा स्थानीय खाद्य सामग्री के उपयोग के आधार पर प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया। आयोजन की विभिन्न व्यवस्थाओं में प्राचार्य भूपेश ठाकुर, सुनील सोनी, अरुण दुबे, हेमकुमार नामदेव, संजीव तिवारी, मीना दुबे एवं अलका शर्मा सहित अन्य कर्मचारियों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ऊंट के मुंह में जीरा साबित हो रहीं व्यवस्थाएं

नवभारत,तेंदूखेड़ा। मानव जीवन के लिए रोटी कपड़ा और मकान जितनी बुनियादी जरूरतें हैं। उतनी ही अपरिहार्य आवश्यकता स्वास्थ्य और शिक्षा की भी है। लेकिन तहसील मुख्यालय तेंदूखेड़ा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की बदहाली को देखकर ऐसा लगता है कि प्रशासन ने यहां के नागरिकों को उनके हाल पर छोड़ दिया है। यह अस्पताल लंबे समय से डॉक्टरों और सहयोगी स्टाफ की भारी कमी से जूझ रहा है। आलम यह है कि पूरे अस्पताल का दारोमदार केवल एकमात्र रेगुलर डॉक्टर के कंधों पर है। जो लगातार 24 घंटे सेवाएं देने को मजबूर हैं। अस्पताल में स्वीकृत पदों और वर्तमान में तैनात स्टाफ के आंकड़े आश्चर्य चकित चौंकाने वाले हैं। जो अस्पताल खुद बीमार हो वह मरीजों का इलाज कैसे करेगा। मेडिकल ऑफिसर रेगुलर जरूरत 03 की तैनात सिर्फ

01 मेडिकल ऑफिसर बॉन्ड जरूरत 04 की तैनात कोई नहीं। स्त्री रोग विशेषज्ञ जरूरत 01 की तैनात एक भी नहीं। पिछले 40 वर्षों से पद खाली है।स्टाफ नर्स जरूरत 08 की तैनात सिर्फ 02 इनमें से भी एक अर्जित अवकाश और दूसरी मातृत्व अवकाश पर हैं। ड्रेसर जरूरत 03 की है लेकिन तैनात एक भी नहीं।फार्मासिस्ट जरूरत 02 की तैनात सिर्फ 01 वार्ड बॉय जरूरत 03 की तैनात सिर्फ 01 एएनएम जरूरत 10 की तैनात सिर्फ 06 वाहन चालक ड्राइवर जरूरत 01 की तैनात एक भी नहीं। चपरासी जरूरत 01 की तैनात कोई नहीं। स्वीपर रेगुलर आउटसोर्स कुल जरूरत 07 की तैनात सिर्फ 04 हैं। तीन जिलों के मरीजों का भरोसा पर सुविधाएं नगण्य तेंदूखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि यहां केवल स्थानीय ही नहीं बल्कि पड़ोसी जिले सागर और रायसेन के सुदूर आदिवासी अंचलों से भी बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए आते हैं।

महिला डॉक्टर का इंतजार

सुगमता की दृष्टि से यह केंद्र बेहद महत्वपूर्ण है। मानसून की शुरुआत हो चुकी है ऐसे में मौसमी और संक्रामक बीमारियां तेजी से पैर पसार रही हैं इस संवेदनशील समय में डॉक्टरों और स्टाफ का न होना क्षेत्र के लिए किसी बड़े खतरे से कम नहीं है। गंभीर स्थिति होने पर मरीजों को मजबूरन सागर भोपाल जबलपुर या नागपुर जैसे बड़े शहरों की दौड़ लगानी पड़ती है। जिससे गरीब मरीजों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। गर और रायसेन जिले के आदिवासी बाहुल्य इलाकों से गर्भवती महिलाएं डिलीवरी के लिए आती हैं। यहां तैनात कुछ स्टाफ नर्सों के अनुभव के भरोसे ही प्रसव कार्य हो पा रहा है।

योग दिवस की पूर्व संध्या पर योगाभ्यास एवं राजयोग ध्यान

नवभारत,तेंदूखेड़ा। 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय तेंदूखेड़ा द्वारा योग एवं राजयोग ध्यान का आयोजन किया गया। इस मौके पर बीके प्रीति दीदी ने कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य का माध्यम नहीं बल्कि मानसिक शांति आत्मिक सशक्तता और श्रेष्ठ जीवन शैली का आधार है। उन्होंने नियमित योग एवं ध्यान को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया।इस अवसर पर योगा ट्रेनर आरती पटेल द्वारा उपस्थित भाई बहनों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया तथा नियमित योग के लाभों से अवगत कराया।बीके पुरुषोत्तम भाई ने योग और योगा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि योग मन बुद्धि और आत्मा को परमात्मा से जोड़ने की एक श्रेष्ठ जीवन पद्धति है प्राचीन काल मे ऋषि

मुनि योग ध्यान किया करते थे जिससे उनको आत्म जाग्रति आत्म ज्ञान व एकाग्रता की प्राप्ति होती थी। और मन की एकाग्रता ही सफलता की सीढ़ी है। बीके प्रीति दीदी ने राजयोग ध्यान की अनुभूति कराकर सभी को आंतरिक शांति एवं सकारात्मकता का संदेश दिया। 12 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम स्वथ्य और सक्रिय वृद्धावस्था के लिए के बारे बताते हुए योग कार्यक्रम का समापन स्वस्थ सुखी एवं नशामुक्त समाज के निर्माण के संकल्प व प्रभु प्रसाद वितरण के साथ हुआ।